P372

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 25 जून 2026
वर्ष : 5 ■ अंक : 205
पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


देपालपुर डीपी में मौत का करंट, गाय की हुई मौत



पेज-2

आज बांग्लादेश से भिड़ेगी टीम इंडिया



पेज-5

योजना 97 फिर से मिली आईडीए को



पेज-6


## मानसून की पहली बारिश में स्मार्ट सिटी की सारी स्मार्टनेस बही...







## कल हुई तेज बारिश से कई जगह जल भराव जाम से लोग परेशान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही कल इंदौर में तेज बारिश हुई। शाम को तेज बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई। पूरे शहर के कई मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार इस बार प्रदेश के अधिकांश जिलों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना जताई गई है। इंदौर, उज्जैन, सागर और चंबल संभाग के केवल आठ जिलों में ही सामान्य वर्षा होने के संकेत हैं। विभाग का अनुमान है कि जून माह में मानसून अपेक्षाकृत कमजोर रह सकता है, जिससे बारिश का आंकड़ा सामान्य से कम रहने की संभावना है।

हालांकि, जुलाई और अगस्त को लेकर राहत भरी खबर है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून का मुख्य दौर इन दो महीनों में रहता है और इसी दौरान अधिकांश वर्षा दर्ज होती है। अनुमान है कि जुलाई में मानसून की गतिविधियां मजबूत होंगी और अगस्त में भी अच्छी बारिश देखने को मिलेगी।

# पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद अब साधे जाएंगे वरिष्ठ कार्यकर्ता

### एक सप्ताह के भीतर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में नियुक्त होंगे एल्डरमैन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश भाजपा में संगठनात्मक नियुक्तियों का दौर लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है। प्रदेश कार्यसमिति और विभिन्न मोर्चों में पदाधिकारियों की नियुक्तियों के बाद अब पार्टी का फोकस 244 नगरीय निकायों में एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) नियुक्त करने पर है। माना जा रहा है कि अगले एक सप्ताह के भीतर प्रदेश के शेष नगरीय निकायों में एल्डरमैन की घोषणा कर दी जाएगी। राजनीतिक दृष्टि से यह प्रक्रिया सिर्फ प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि अगले साल प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनावों की तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जा रही है। इस साल मार्च में प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में भाजपा ने 759 एल्डरैमन नियुक्ति कर दिए थे।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच इस मुद्दे पर मंथन पूरा हो चुका है। प्रदेश के 244 नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्त किए जाने हैं। इनमें सबसे अधिक चर्चा 16 नगर निगमों को लेकर है, जहां लंबे समय से नामों पर सहमति नहीं बनने के कारण प्रक्रिया अटकी हुई थी। अब अधिकांश नामों पर सहमति बनने के बाद जल्द घोषणा की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि एल्डरमैन नियुक्तियां भाजपा के लिए संगठनात्मक संतुलन साधने का माध्यम भी बनेंगी। हाल ही में संगठन की विभिन्न नियुक्तियों में जगह नहीं पाने वाले कई वरिष्ठ और सक्रिय नेताओं को इन पदों के जरिए समायोजित किया जा सकता है। खासतौर पर ऐसे कार्यकर्ता और नेता, जिन्होंने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभाई, लेकिन संगठन में स्थान नहीं पा सके, उन्हें प्राथमिकता मिलने की संभावना है।

■ **स्थानीय नेतृत्व को सक्रिय करने की तैयारी :** राजनीतिक दृष्टि से देखें तो भाजपा इन नियुक्तियों के जरिए एक साथ कई लक्ष्य साधने की कोशिश कर रही है। एक ओर संगठन में असंतोष को कम करने का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर नगरीय निकाय चुनावों से पहले स्थानीय नेतृत्व को सक्रिय करने का मंच भी तैयार होगा। यही वजह है कि एल्डरमैन नियुक्तियों को भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम के तहत एल्डरमैन ऐसे व्यक्तियों को बनाया जाता है, जिन्हें नगरीय प्रशासन और सार्वजनिक जीवन का अनुभव हो।

## प्रशासन ने सरकारी सेवाओं तक पहुंच के लिए लॉन्च किया चैटबॉट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • ज़िला प्रशासन ने सरकारी सुविधाओं तक लोगों की पहुँच को आसान बनाने के लिए एक WhatsApp चैटबॉट सर्विस शुरू की है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि इस डिजिटल पहल से नागरिकों को जानकारी लेने या दस्तावेज़ जमा करने के लिए अलग-अलग सरकारी दफ़्तरों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब सब कुछ सीधे उनके मोबाइल फ़ोन से ही मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि चैटबॉट में अभी आठ अलग-अलग विभागों की 35 सेवाएँ शामिल हैं और इसे आगे और बढ़ाने की योजना है। शुरुआती चरण में सामान्य प्रशासन, राजस्व, आधार कार्ड सेवाएँ, श्रम, परिवहन, शहरी प्रशासन, CM हेल्पलाइन, योजना और सांख्यिकी, और MPEB इंदौर जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को कोई अलग थर्ड-पार्टी ऐप डाउनलोड करने या मुश्किल लॉगिन प्रोसेस से गुज़रने की ज़रूरत नहीं है; यह सर्विस पूरी तरह से WhatsApp पर काम करती है।' ADM नवजीवन पंवार के अनुसार, यह प्लेटफ़ॉर्म ज़रूरी दस्तावेज़ों जैसे कि आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र और ज़मीन के रिकॉर्ड (जैसे मौजूदा खसरा, खतौनी और नक्शे) के लिए आवेदन की प्रक्रिया को आसान बनाता है। उन्होंने कहा कि इस सरकारी चैनल से वेरिफ़ाइड सरकारी जानकारी पूरी तरह मुफ़्त में, कभी भी और कहीं भी मिल सकती है। नागरिक इसके लिए ऑफ़िशियल WhatsApp नंबर 9407035437 पर 'Hi' भेजकर और उसके बाद दिए गए निर्देशों का पालन करके इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### न्यूज ब्रीफ

- दार्जिलिंग में भूस्खलन के कारण बंद हुई सड़कें, पर्यटक फंसे
- लखनऊ अग्निकांड के बाद प्रयगराज में एक्शन, 86 गेस्टहाउस-होटल, बैंक्वेट हॉल का रजिस्ट्रेशन निरस्त
- अरुणाचल प्रदेश के केयी पैन्योर में लगातार भारी बारिश से आई बाढ़, एक की मौत, 4 लापता
- NEP 2020 के तहत क्लास-9 के पाठ्यक्रम में बदलाव, पढ़ाया जाएगा आपातकाल 1975-77 का विषय
- दिल्ली : यमुना बाजार में जीरो जोन क्षेत्र में अतिक्रमण पर बुलडोजर एक्शन, 300 से ज्यादा घर होंगे ध्वस्त
- कनाडा के ब्रैम्पटन में एक रेस्टोरेंट के बाहर फायरिंग, रोहित गोदारा गैंग ने ली घटना की जिम्मेदारी
- भारत की अध्यक्षता में गुरुग्राम में आज से BRICS ऊर्जा मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक शुरू
- फीफा विश्वकप : दक्षिण अफ्रीका ने दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराया
- ईरान ने अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोदी को भेजा निमंत्रण

## अलसुबह नशे में कार दौड़ाई, कॉलोनी में वाहनों को मारी टक्कर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र की पाश्वनाथ कॉलोनी में आज अलसुबह एक युवक ने नशे की हालत में कार चलाते हुए कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। रहवासियों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार घटना सुबह करीब 5 बजे की है। ओरा कार से आए एक युवक ने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घरों के बाहर खड़े दोपहिया वाहन भी गिर गए। रहवासियों ने बताया कि अचानक तेज धमाकों जैसी आवाजें सुनाई दीं। आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकले तो देखा कि एक कार कई वाहनों को टक्कर मार चुकी है।

## कांग्रेस ने छात्रों के मुद्दों पर शुरू किया राष्ट्रव्यापी अभियान 'छात्रों की गूंज'

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • आगामी चुनावी और सामाजिक मुद्दों के बीच कांग्रेस ने अब छात्रों से जुड़े विषयों को लेकर राष्ट्रव्यापी अभियान 'छात्रों की गूंज' शुरू करने का निर्णय लिया है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, छात्र हितों की सुरक्षा और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को केंद्र में रखकर यह अभियान देशभर में चलाया जाएगा।

अभियान के शुभारंभ के अवसर पर आज इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव अभिषेक दत्त अभियान की रूपरेखा और उद्देश्य साझा करेंगे। कांग्रेस का दावा है कि वर्तमान समय में छात्र समुदाय अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन उनकी आवाज़ को पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है। ऐसे में 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से छात्रों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जाएगा।

अभियान के इंदौर संयोजक पुनीत सिंह पारिया के अनुसार, कांग्रेस शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों, रोजगार की कमी, परीक्षा व्यवस्थाओं में कथित अनियमितताओं तथा विद्यार्थियों पर बढ़ते आर्थिक बोझ जैसे विषयों को लेकर जनजागरण करेगी।

### तबादला नीति का आरटीओ में असर नहीं

## आरटीओ : जमे रहे बाबू, एआरटीओ ने भी रुकवा लिया अपना तबादला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मप्र शासन ने निचले से बड़े स्तर तक तबादले किए, लेकिन परिवहन विभाग के बाबुओं पर इसका असर नहीं हुआ। कई बाबू 15-20 साल से एक ही कुर्सी पर जमे है। एआरटीओ ने भी तबादला रुकवा लिया।



प्रदेश के सबसे बड़े आरटीओ में शुमार नायता मुंडला कार्यालय में 35 से अधिक बाबू विभिन्न शाखाओं में तैनात हैं। इनमें से अधिकांश का इंदौर से मोह नहीं छूटता है। करीब 10 बाबू 15-20 साल से इंदौर कार्यालय में तैनात हैं। शाखाएं भी इनकी पसंद की है। अपनी ऊपरी पकड़ के दम पर लंबे समय से टिके इन बाबुओं पर तबादला नीति का असर नहीं होता है। लंबे समय से तैनात बाबुओं में पहला नाम आरपी गौतम का है। इनके बाद अतुल जोशी, श्याम नेंकिये, मोहन लोंगरे, घुराई सारथी, पूजा जैन, शोभा कुहाड़, मृगेन्द्र भार्गव, तेज सिंह अहीरवार, रोहित अटूट, दिनेश शर्मा और संदीप खरनाल के नाम है। उधर, गौतम और अहीरवार जैसे बाबुओं का तबादला हुआ था, लेकिन कुछ दिन में ये फिर इंदौर आ गए। एआरटीओ राजेश गुप्ता का तबादला हो गया था, लेकिन अगली सूची में फिर से इंदौर में तैनाती मिल गई।

## सीएम डॉ. मोहन यादव को अचानक दिल्ली का बुलावा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • दिल्ली में चल रहे बड़े राजनीतिक घटनाक्रमों और डेवलपमेंट के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को अचानक भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिल्ली बुलाया गया है।



इस अचानक मिले बुलावे के बाद से ही मध्य प्रदेश से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक सियासी हलचल बेहद तेज हो गई है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यह बुलावा सामान्य नहीं है और इसके पीछे कोई बहुत बड़ा राजनीतिक कारण हो सकता है।

उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से निर्देश मिलने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव को कल रात को ही आनन-फानन में दिल्ली पहुंचना था। इसके लिए तमाम तैयारियां भी पूरी कर ली गई थीं, लेकिन ऐन वक्त पर खराब मौसम और विजिबिलिटी कम होने के चलते उनकी रात की हवाई यात्रा टल गई। अब ताजा अपडेट के अनुसार, मुख्यमंत्री मोहन यादव आज सुबह की नियमित फ्लाइट से दिल्ली के लिए उड़ान भर सकते हैं। दिल्ली पहुंचते ही उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और शीर्ष गृह मंत्रियों व संगठन के बड़े नेताओं के साथ आपातकालीन बैठक होने की संभावना है।

## राहुल गांधी ने एमपी हाई कोर्ट में जताया खेद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • राजनीति के गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दर्ज कराए गए मानहानि के मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राहुल गांधी ने अदालत के सामने अपनी याचिका में इस पूरे घटनाक्रम पर खेद व्यक्त किया है। यह पूरा मामला साल 2018 का है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान झाबुआ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक घोटाले का जिक्र किया था। कार्तिकेय चौहान का आरोप है कि राहुल गांधी ने उस भाषण में उनका नाम घसीटा था, जिससे उनकी

# मध्यप्रदेश में यूसीसी पर 71% मुस्लिम महिलाओं सहित 93 फीसदी का समर्थन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बहस अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। राज्य सरकार का दावा है कि यूसीसी पर गठित उच्च स्तरीय समिति को 9.5 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से करीब 93 प्रतिशत लोगों ने इसका समर्थन किया है।

खास बात यह है कि सरकार मुस्लिम महिलाओं के बड़े वर्ग द्वारा समर्थन मिलने का दावा कर रही है, जबकि दूसरी ओर कई मुस्लिम धर्मगुरु इसके कुछ प्रावधानों का विरोध कर रहे हैं। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच जारी इस बहस के बीच सरकार जुलाई में होने वाले विधानसभा सत्र में यूसीसी विधेयक लाने की तैयारी कर रही है।




**9.5 लाख से अधिक सुझाव, 93 फीसदी समर्थन का दावा**

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के पास अब तक 9.5 लाख से अधिक सुझाव पहुंच चुके हैं। सरकार का कहना है कि इनमें से करीब 8.9 लाख लोगों ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में राय दी है। समिति सभी सुझावों का परीक्षण कर रही है और प्राप्त सुझावों के आधार पर अंतिम ड्राफ्ट तैयार करने की प्रक्रिया जारी है. सरकार की योजना आगामी विधानसभा सत्र में ष्टष्ट को लेकर विधेयक प्रस्तुत करने की है।

**मुस्लिम महिलाओं के समर्थन का दावा बना चर्चा का विषय**-यूसीसी पर सबसे ज्यादा चर्चा मुस्लिम महिलाओं के कथित समर्थन को लेकर हो रही है। सरकार का दावा है कि बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में अपनी राय दी है। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यूसीसी को लेकर लंबे समय से महिलाओं के अधिकार और समानता का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया जाता रहा है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 25 जून 2026

न्यूज ब्रीफ

### श्री शेखावाटी सेन पंचायत समाज की नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● श्री शेखावाटी सेन (पंचायत) समाज, इंदौर ने गौरवशाली एवं एकता की परंपरा को बनाए रखते हुए वर्ष 2026-2029 के लिए नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न किया। समाज में पिछले कई वर्षों से हर तीन वर्ष में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया जाता रहा है और इस बार भी सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में जगदीश प्रसाद नरवलें को संरक्षक, अमरचंद सेन को अध्यक्ष, मंगल अमेरिया एवं लक्ष्मण सेन को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं निलेश सेन (शैलू) को सचिव, राजेंद्र सेन (मोनार्क) को सहसचिव, राजेश मिर्दवाल को कोषाध्यक्ष, महेश सेन को सहकोषाध्यक्ष तथा कन्हैयालाल सेन को प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामलाल सेन (रामू), अशोक सेन, मनीष सेन, गोपाल चांगल, हेमंत सेन एवं पंकज सेन को शामिल किया गया है।

### श्याम बाबा ने हजारों दुखियारों के आंसू पोंछकर उन्हें संस्कारित समाज और समृद्ध राष्ट्र से जोड़ा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● कलियुग में चाहे जितनी बुराइयाँ मानी गई हों, एकमात्र खाटू श्याम का नाम ही इतना चमत्कारी है कि उनकी शरण में पहुँचने वाला भक्त चाहे किसी भी धर्म, पन्थ या सम्प्रदाय का हो, अपने कष्टों और समस्याओं से मुक्ति भी प्राप्त कर लेता है और कलियुग की बुराइयों और व्यसनों से भी दूर हो जाता है। दुनिया में खाटू श्याम बाबा से जुड़े हजारों प्रसंग है जहाँ बाबा ने अपनी कृपा से अनेक दुखियारों के आंसू पोंछकर उन्हें संस्कारित समाज और समृद्ध राष्ट्र से जोड़ा है। एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम मंदिर के 29वें वार्षिकोत्सव में गत 20 जून से चल रही खाटू श्याम भागवत के समापन प्रसंग पर दिल्ली से आए भागवताचार्य पं. संजय प्रभाकर ने महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज के सानिध्य में उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। बुधवार को कथा में बर्बरीक के शक्ति प्रदर्शन, श्रीकृष्ण द्वारा शीश छेदन, मस्तक पर अमृत सींचन, बर्बरीक के पुनर्जन्म, वरदान एवं बर्बरीक स्तुति जैसे पौराणिक प्रसंगों के माध्यम से पं. संजय ने कहा कि खाटू श्याम बाबा को स्वयं भगवान श्रीकृष्ण की ओर से वरदान मिला हुआ है इसलिए पूरी दुनिया में श्याम बाबा के नाम और काम की महिमा बढती जा रही है।

### रतलाम में कल से तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी में शामिल होंगे इंदौर के अनेक मुद्रा संग्राहक

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शहर के अनेक मुद्रा संग्राहक, डाक टिकिट संग्राहक एवं पुरातत्व संपदाओं के जानकार 26 से 28 जून तक रतलाम में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मुद्रा प्रदर्शनी में शामिल होंगे। आयोजन एसडीआर ग्रुप रतलाम की मेजबानी में गीता मंदिर के पास स्थित रंगोली गार्डन पर होगा। प्रदर्शनी में देशभर से करीब 40 मुद्रा संग्राहक आमंत्रित किए गए हैं। राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक एवं प्रख्यात मुद्रा संग्राहक गिरीश शर्मा आदित्य प्रदर्शनी का समापन 28 जून की शाम 5 बजे करेंगे। इस प्रदर्शनी की मुख्य विशेषता यह रहेगी कि प्रदर्शनी में जन्मदिन, विवाह की वर्षगाँठ एवं अन्य शुभ प्रसंगों पर किए जाने वाले करेंसी नोटों की खरीदी और बिक्री भी की जाएगी। इनमें सिक्के, पेपर मनी, स्टाम्प्स एवं एंटिक आइटम्स भी प्रदर्शित किए जाएँगे।

# सिंहस्थ में आसमान और पानी से होगी निगरानी

## करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हाईटेक इंतजाम

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए उज्जैन पुलिस आसमान और पानी के अंदर सुरक्षा की तैयारी कर रही है। इसके लिए 40 ड्रोन तैनात किए जाएंगे। इनमें अंडरवॉटर ड्रोन भी शामिल होंगे, जो न सिर्फ पानी के अंदर संचालित होकर किसी भी असामान्य गतिविधि का पता लगाकर अधिकारियों को अलर्ट भेजेंगे, बल्कि डूब रहे लोगों की सुरक्षा और रेस्क्यू में भी मदद करेंगे। पुलिस ने करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक विस्तृत सुरक्षा प्लान



फाइल फोटो

तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेजा था। मंजूरी मिलने के बाद अब जल्द ही सुरक्षा उपकरणों की खरीदी कर इन ड्रोन की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही शिप्रा नदी के किनारे बनने वाले 29 किलोमीटर लंबे घाटों पर 3,500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

ये ड्रोन एआई तकनीक से लैस होंगे। भीड़, आग, भगदड़ या किसी भी तरह की आपात स्थिति का अलर्ट कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों तक तुरंत पहुंचाएंगे।

#### ये सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे

किसी भी क्षेत्र में भीड़ अत्यधिक बढ़ने का 15 से 45 मिनट पहले ही एआई के माध्यम से पूर्वानुमान मिल जाएगा। ज्प्रतिबंधित क्षेत्रों में बैरिकेड या दीवार फांदने की कोशिश होने पर तत्काल अलर्ट मिलेगा। ट्रैफिक जाम का पूर्वानुमान एआई, सीसीटीवी सिस्टम के जरिए लगाया जाएगा। स्मार्ट कचरा पात्र (डस्टबिन) ओवरफ्लो होते ही संबंधित विभाग को अलर्ट भेजा जाएगा।

सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस आसमान और पानी के अंदर सुरक्षा की तैयारी कर रही है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सिंहस्थ में साढ़े तीन हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। 40 टैथर्ड और नॉन-टैथर्ड ड्रोन पूरे समय एरियल सर्विलांस के लिए तैनात रहेंगे। किसी आपदा की स्थिति में तत्काल सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए अंडरवाटर ड्रोन और अंडरवाटर कैमरे भी तैयार रहेंगे। इसके अलावा सभी कैमरों में एआई तकनीक सक्षम की जा रही है। आग या धुएं जैसी स्थिति बनने पर भी सिस्टम स्वत: अलर्ट देगा। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर पूरे क्षेत्र की थ्री-डी मॉडलिंग भी की जा रही है। एआई मॉडल भीड़ की पूर्व जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे क्राउड प्रेडिक्शन करना संभव होगा। महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन व्यवस्था को बेहतर और फुल-प्रूफ बनाने के लिए भी विशेष योजना तैयार की जा रही है।

## निगम मुख्यालय में नामांतरण की नहीं हो रही इंट्री, जनता परेशान

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर निगम अधिकारियों द्वारा बिना सोचे समझे कोई नए नियम लागू करने से आम जनता को कितनी परेशानी हो सकती है, यह उन्हें नहीं मालूम है। जब पार्षदों द्वारा या अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता द्वारा भी शिकायत की जाती तो उस पर भी कभी अमल नहीं किया जाता है। यही कारण है कि नए नियम के तहत 22 जोन पर इन दिनों आवेदक चक्कर लगा रहे हैं। दरअसल, मामला कुछ इस तरह कि नामांतरण में फर्जी वाला रोकने के लिए नए नियम यह बनाए हैं कि जोन पर नामांतरण को लेकर आवश्यक दस्तावेजों को के साथ आवेदन जमा कराया जाता है। इसके बाद फाइल निगम मुख्यालय में जाती है और दस्तावेजों के जांच के बाद इंट्री होती है, जिसमें





ऑनलाइन इंटरव्यू की जाती है और नाम दूसरे व्यक्ति के स्थान पर जिस व्यक्ति ने खरीदा है उस व्यक्ति का नाम चढ़ाया जाता है। इस काम को लेकर 3 से 4 महीने का समय लगा देते हैं। निगम अधिकारी इस कोई ध्यान नहीं देते। निगम मुख्यालय में बैठे बाबू से लेकर उनको किसी से कोई मतलब नहीं है। विभिन्न जोनल कार्यालय पर आम जनता जिन्होंने नामांतरण के लिए आवेदन दे रखा है, उनको कहीं न कहीं बैंक लोन इत्यादि लेना होता है जो काम सारा आसानी से जोड़ पर हो सकता है। वह निगम मुख्यालय में भेजने से फजीहत हो गई है। आम जनता को कई महीनों तक इंतजार करने पड़ता है, उसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जाता है। अब परेशानी यह कि इन दिनों 22 जोन के अंतर्गत आने वाले सैकड़ों नामांतरण तो हो गए हैं। विभिन्न आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई है, लेकिन निगम मुख्यालय में एंट्री नहीं होने से परेशानी बनी हुई है। अब परेशानी लगातार बढ़ती ही जा रही है। निगम कमिश्नर से लेकर अफसरों को इससे कोई सरोकार नहीं है। आम जनता से कोई लेना दे नहीं है। इस तरह की परेशानी देखने को मिल रही है एडिशनल कमिश्नर श्रृंगार श्रीवास्तव कभी फोन रिसीव नहीं करते हैं और न ही कई मुद्दों पर ध्यान देते हैं।

## महेश्वर में मोबाइल से फोटो-वीडियो बनाने पर शुल्क वसूली से विवाद

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश शासन और पर्यटन विभाग प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं और महेश्वर जैसी धार्मिक एवं पर्यटन नगरी में पूरे वर्ष देश-विदेश से पर्यटक पहुंच रहे हैं। हालांकि यहां अहिल्या घाट क्षेत्र में फोटो और वीडियो बनाने के नाम पर की जा रही शुल्क वसूली को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। पर्यटकों का आरोप है कि खासगी ट्रस्ट समिति द्वारा अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है, जिससे उनकी यात्रा का अनुभव प्रभावित हो रहा है। इस मामले को लेकर पर्यटकों में नाराजगी और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है। एक मामले में मलेशिया से अपनी पत्नी के साथ महेश्वर घूमने आए मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो और वीडियो बनाने पर शुल्क लिए गए। पर्यटक का कहना है कि वे माता अहिल्याबाई के किले और नर्मदा तट के सुंदर घाटों की यादें अपने साथ ले जाने के लिए केवल मोबाइल से फोटो और वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान ट्रस्ट के कर्मचारियों ने उनसे शुल्क जमा कराया।

नगर के एडव्होकेट स्वनिल गुप्ता ने कहा कि मोबाइल से फोटो और वीडियो लेने के बदले इस प्रकार शुल्क लेना उचित नहीं है। उनका कहना है कि ट्रस्ट की इस व्यवस्था से पर्यटकों की संख्या में कमी आ सकती है और इससे प्रदेश तथा केंद्र सरकार की पर्यटन नीतियों की छवि भी प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कई मामले हर वर्ष सामने आते हैं, जिनमें देशी और विदेशी पर्यटकों से शुल्क वसूला जाता है। कई बार ऐसी परिस्थितियों में विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेने और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की।

खासगी ट्रस्ट प्रबंधन का कहना है शुल्क वसूली



नियमों के अनुसार की जाती है। ट्रस्ट के मैनेजर जयेन्द्र जोशी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति घाट क्षेत्र में मोबाइल या किसी अन्य माध्यम से व्यापारिक अथवा गैर-व्यापारिक उद्देश्य से फोटो और वीडियो बनाता है तो उससे नियमों के तहत शुल्क लिया जाता है। उन्होंने कहा किमंगलवार को भी संबंधित पर्यटक से नियमानुसार ही शुल्क लिया गया है।

इस घटना के बाद पर्यटकों में असंतोष बढ़ गया। लोगों का भी मानना है इस तरह शुल्क वसूली पर्यटन को बढ़ावा देने के बजाय उसे प्रभावित कर सकती है। उनका कहना है महेश्वर अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक पहचान के कारण देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है, ऐसे में अत्यधिक शुल्क की शिकायतें नगर की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### अग्रवाल महिला मंडल के चुनाव में श्रीमती शीला अग्रवाल अध्यक्ष व निर्मला गर्ग सचिव निर्वाचित



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अग्रवाल महिला मंडल मल्हारगंज के त्रिवार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए जिसमें श्रीमती शीला अग्रवाल पुन: अध्यक्ष निर्वाचित हुई। अन्य पदाधिकारियों में कृष्णा अग्रवाल उपाध्यक्ष, निर्मला गर्ग सचिव, चंचल गर्ग कोषाध्यक्ष, उमा गोयल सह सचिव, प्रेरणा बंसल संगठन मंत्री एवं निर्मला ऐरन प्रचार मंत्री निर्वाचित हुई। सभी पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वानुमति से हुआ। कार्यवाहक अध्यक्ष के पद पर श्रीमती राजेश अग्रवाल का मनोनयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अग्रवाल समाज के सभी पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

### शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न, 25 छात्राओं को मिली नौकरी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इंदौर में गत दिवस एमआरएफ लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय की विभिन्न शाखाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के माध्यम से कंपनी द्वारा 25 प्रतिभावान छात्राओं का चयन किया गया। यह महाविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण का परिणाम है। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विजया शिंदे, प्रभारी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टी.पी.ओ.) श्री दिनेश भूरिया तथा अन्य संकाय सदस्यों ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल करियर के लिए शुभकामनाएँ दीं। महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा अवगत करवाया गया कि उद्योगों के साथ समन्वय स्थापित कर छात्राओं के लिए अधिकाधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

### इंदौर जिले में बारिश का सिलसिला हुआ शुरू

## बारिश के साथ ही जिले में खरीफ की बुआई का कार्य भी प्रारंभ

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर जिले में मंगलवार की शाम से बारिश का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। जिले में आज बुधवार की सुबह साढ़े 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में 22.4 मिलीमीटर (लगभग एक इंच) औसत वर्षा हो चुकी है। बारिश शुरू होते ही जिले में खरीफ की बुआई का कार्य भी शुरू हो गया है। जिले में वर्ष खरीफ सीजन में कुल 2 लाख 52 हजार 624 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का क्षेत्राच्छादन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से 2 लाख 33 हजार हेक्टेयर रकबे में सोयाबीन की बोनी होगी, जो कुल क्षेत्र का लगभग 92 प्रतिशत है।

उप संचालक कृषि सी. एल. केवड़ा ने बताया कि वर्ष 2026 में अल नीनो के प्रभाव के कारण मौसम विभाग ने वर्षा की अनिश्चितता की आशंका व्यक्त की है। जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक औसतन 80.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है तथा जिन क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा हुई है, वहां बोनी का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

उप संचालक कृषि ने आगामी दिनो में कम वर्षा, अतिवर्षा अथवा वर्षा की अनिश्चितता की स्थिति से निपटने के लिए किसानों को सलाह दी है, जिन्हे अपनाकर किसान अपनी फसल सुरक्षित कर उत्पादन प्राप्त कर सकते है।

बुवाई के तरीके: सूखे और जलभराव (पानी जमा होने) की स्थिति को ठीक से संभालने के लिए 'ब्रॉड बेड फरो' या 'रेज़्ड बेड फरो' तरीके या मशीन का इस्तेमाल करके बुवाई की जाए।

किस्मों का चुनाव: जल्दी पकने वाली सोयाबीन की किस्मों (90-95 दिनों में पकने वाली) जैसे NRC 150, NRC 165, JS 23-03, JS 23-09, JS 22-12 और JS 22-16 को प्राथमिकता दी जाए।

पौधों की सही संख्या: प्रति हेक्टेयर 60-65 किलोग्राम बीज दर का इस्तेमाल करके पौधों की सही संख्या बनाए रखें; इसमें कतार से कतार की दूरी 45 सेमी और पौधे से पौधे की दूरी 5-10 सेमी होनी चाहिए। नमी की भारी कमी (सूखे) की स्थिति में, बीज दर को सामान्य दर से 10% बढ़ा दें और कतारों के बीच की दूरी 30 सेमी रखें।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ





डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# टी-20 वर्ल्ड कप : आज बांग्लादेश से भिड़ेगी टीम इंडिया




**मैनचेस्टर (एजेंसी)** • मध्यक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी और खराब फील्डिंग के कारण महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम का अभियान खतरे में पड़ गया है और ऐसे में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैनचेस्टर में होने वाले मैच में वह इन कमजोरियों को दूर करने के लिए बेताब होगी। भारत ने 12 टीमों के इस टूर्नामेंट में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की फॉर्म की चिंता के साथ उतरा था, लेकिन स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने काफी हद तक उन आशंकाओं को दूर कर दिया है। मंधाना ने तीन मैच में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 154 से अधिक है, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जो टीम के लिए नई चिंता बन गई है। कप्तान हरमनप्रीत कौर (स्ट्राइक रेट 109.09), जेमिमा रोड्रिग्स (94.11) और यस्तिका भाटिया (105.88) अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जिससे ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा पर तेजी से रन बनाने का दबाव बढ़ जाता है।

# मेसी सहित तीन दिग्गजों के बीच 'गोल्डन बूट के लिए कड़ा मुकाबला



**फिलाडेल्फिया (एजेंसी)** • फीफा विश्वकप में जारी फीफा विश्वकप फुटबॉल में तीन स्टार खिलाड़ियों अर्जेंटीना के लियोनल मेसी, फ्रांस के किलियन एम्बापे और नार्वे के एर्लिंग हालैंड के बीच 'गोल्डन बूट अवार्ड के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी है। हाल ही में हुए मैचों में इन तीनों दिग्गजों ने दो-दो गोल किये थे, जिससे मुकाबला और कड़ा हो गया है। डलास स्टेडियम में ऑस्ट्रिया के खिलाफ अर्जेंटीना की 2-0 की जीत में मेसी ने दोनों गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। इससे विश्वकप में उनके गोलों की संख्या रिकॉर्ड 18 तक पहुंच गयी है। ऐसे में मेसी अब तक टूर्नामेंट में पांच गोल के साथ सबसे आगे चल रहे हैं, जिससे गोल्डन बूट की रेस में उनकी दावेदारी और भी मजबूत हो गई है। वहीं फ्रांस के एम्बापे ने फिलाडेल्फिया में इराक के खिलाफ दो गोल कर अपनी टीम की 3-0 की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस प्रकार अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे एम्बापे ने अब तीन विश्व कप टूर्नामेंटों में कुल 16 गोल कर गोल्डन बूट की दौड़ में अपने को बनाये हुए हैं। वहीं न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में हालैंड ने भी दो गोल दागकर नॉर्वे को सेनेगल पर 3-2 से जीत दिलाई, जिससे उनकी टीम ने राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। अपने पहले ही विश्वकप कप में खेल रहे 25 वर्षीय हालैंड ने अब तक दो मैचों में चार गोल किए हैं। वह गोल्डन बूट की दौड़ में 16 गोल कर एम्बापे के बराबर और मेसी से दो गोल पीछे हैं। नॉर्वे ने आखिरी बार 1998 में विश्व कप में हिस्सा लिया था, जो हालैंड के जन्म से दो साल पहले की बात है, ऐसे में इस युवा स्ट्राइकर का यह पहला विश्व कप अभियान है, जिसमें उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है और एक असली दावेदार के तौर पर उभरे हैं।जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है, गोल्डन बूट की यह व्यक्तिगत कड़ी होती जा रही है। मेसी अपनी अनुभव और रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ, एम्बापे अपनी युवा ऊर्जा और रिकॉर्ड-बराबरी के साथ, और हालैंड अपने पहले विश्व कप में एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं।

# पांड्या के मुंबई छोड़कर केकेआर या रॉयल्स जाने की संभावना

**मुंबई (एजेंसी)** • हार्दिक पांड्या अब इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में मुमबई इंडियंस में नजर नहीं आयेंगे। हार्दिक के अगले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) या राजस्थान रॉयल्स से खेलने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार केकेआर और रॉयल्स ट्रेड डील के जरिये पांड्या को अपने साथ जोड़ना चाहती हैं। मुम्बई को उनके संभावित ट्रेड के लिए कम से कम दो टीमों से प्रस्ताव मिले हैं। माना जा रहा है कि केकेआर प्रबंधन और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को को लेकर कई दौर की बातचीत भी हुई है। आईपीएल के 19 वें सत्र में पांड्या का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था जिस कारण मुम्बई भी अब उन्हें टीम में बनाये नहीं रखना चाहती। वहीं पिछले दो सत्र से खराब प्रदर्शन से परेशान केकेआर हार्दिक को अपनी टीम में लाने को लेकर सभी प्रयास कर रही है। वह उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी देना चाहती है।, इसका कारण है कि अभी टीम उपकप्तान रिंकू सिंह को कप्तानी के लिए सही नहीं मानती। अभी टीम की कप्तानी अजिंक्य रहाणे के पास है पर उनके रहते टीम का प्रदर्शन अच्छ नहीं रहा है। केकेआर रहाणे को टीम से रिलीज करना चाहती है। केकेआर के अधिकारियों ने पिछले सत्र में भी मुम्बई से संपर्क किया था, पर उस समय रिलायंस की वार्षिक आम बैठक के कारण फ्रैंचाइजी बात नहीं कर पायी थी।

# नेटफ्लिक्स ने आगामी कैप्टिव रियलिटी शो 'लॉक अप: सच या सज़ा' के इनमेट्स की घोषणा की

**मुंबई (एजेंसी)** • 'लॉक अप: सच या सज़ा' की स्ट्रीमिंग शुरू हो रही है। आज नेटफ्लिक्स ने एक एक्सक्लुसिव प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस रियलिटी शो के बारे में कई रहस्यों से पर्दा उठाया। शो को बनाने वाले मास्टरमाईंड और टास्क का सामना करने वाली हस्तियों का खुलासा किया गया, जो देश की सबसे अनपेक्षित जेल में दिखाई देंगी। इस ईवेंट में मीडिया को इस शो के ड्रामा, रणनीति और उथल-पुथल का फर्स्ट लुक मिला, जो आने वाले हफ्तों में दिखाई देने वाले हैं। ईवेंट में शो की क्रिएटिव जीनियस एकता कपूर, नेटफ्लिक्स इंडिया की वाईस प्रेसिडेंट - कंटेंट, मोनिका शेरगिल और जेलर के रूप में दिखाई देने वाले रितेश देशमुख और फराह खान मौजूद थे। बालाजी टेलीफिल्म्स और कोलोसियम द्वारा सहनिर्मित इस कैप्टिव रियलिटी शो की एग्जिक्यूटिव प्रोड्यूसर, मलाया प्रधान हैं। चौदह इनमेट! छः हफ्ते! दो जेलर! एक लॉक-अप! यहाँ पर कम्फर्ट मिलता नहीं है, बल्कि कमाना पड़ता है। इनमेट्स को खाना, सप्लाई, और सुविधाएं पाने के लिए इन-गेम करेंसी कमानी पड़ती है। यह करेंसी उन्हें तब मिलती है, जब वो टास्क पूरे करते हैं। इस तरह, जिंदा रहने के लिए उन्हें रणनीति बनानी पड़ती है। इस गेम में सबसे अस्थिर करेंसी 'सच्चाई' है। यह गेम ऐसी दुनिया में ले जाता है, जिसमें कुछ भी ज्यादा लंबे समय तक छिपा नहीं रहता। इसमें प्रतियोगियों की कड़ी परीक्षा होती है कि वो सच्चाई का सामना कैसे करते हैं, जिससे या तो उनकी स्थिति मजबूत होती है या कमजोर।



# कॉमेडियन समय रैना करने वाले है डबल धमाका



**मुंबई (एजेंसी)** • कॉमेडियन समय रैना इस बार अपने फैंस के लिए डबल धमाका करने वाले हैं। समय रैना का मजेदार शो इंडियाज गॉट लेटेंट का दूसरा सीज़न एक बार फिर से शुरू होने जा रहा है! खुद समय रैना ने इस बात का खुलासा कर दिया है कि उनका यह शो जल्द ही दर्शकों के सामने होगा। इस बड़े ऐलान के बाद समय रैना के फैंस की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है, और वे बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। समय रैना ने हाल ही में अपने अपकमिंग शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का धमाकेदार ऐलान किया है। इस बार उनका ये शो न सिर्फ यूट्यूब पर बल्कि दिग्गज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी स्ट्रीम होगा। समय ने एक खास अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है, जिसमें वह अपने फैंस को यह महत्वपूर्ण संदेश देते नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने भी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर शो का टीजर पोस्ट किया है। इस पोस्ट में समय रैना शो के बारे में बता रहे हैं कि इसे कब और कहां देखा जा सकता है। पोस्ट के साथ नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, 'अब एक बड़े खुलासे का समय आ गया है। जल्द ही नेटफ्लिक्स पर 'इंडियाज गोट टेलेंट' का सीज़न 2 देखें।' इस पोस्ट के सामने आते ही फैंस ने कमेंट सेक्शन में अपनी उत्सुकता और खुशी की बाढ़ ला दी है।

कई यूजर्स ने इसे साल की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट अनाउंसमेंट बताया, जबकि कुछ ने शो के नए सीजन का बेसब्री से इंतजार करने की बात कही। समय रैना ने अपने वीडियो में यह भी स्पष्ट किया कि यह शो नेटफ्लिक्स और यूट्यूब दोनों जगह एक साथ ही आएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसे एक ही समय पर देख सकेंगे। हालांकि, जब उनसे पूछा गया कि नेटफ्लिक्स और यूट्यूब वर्जन में शो में क्या फर्क होगा, तो समय ने बताया कि कोई फर्क नहीं होगा। दोनों ही प्लेटफॉर्म पर एक जैसा कंटेंट, एक ही दिन और एक ही समय पर देखने को मिलेगा। जब यह सवाल उठा कि फिर लोग इसे नेटफ्लिक्स पर क्यों देखें, तो समय ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया कि नेटफ्लिक्स पर यूट्यूब की तरह ऐड नहीं आएंगे, जिससे दर्शकों को निर्बाध अनुभव मिलेगा।

## उज्जैन संभाग

# दो मंजिला मकान ढहा, मोहर्रम देखने आए बच्चे की मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • हम्मालवाड़ी क्षेत्र में दो मंजिला मकान गिर गया। मलबे में दबने से 12 वर्षीय बच्चे असरान की मौत हो गई, जबकि उसकी नानी खुर्शीद बी गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मकान के पास एक नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा था। इसके लिए मकान के पास गहरे गड्ढे खोदे गए थे। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि खुदाई के कारण पुराने मकान की नींव कमजोर हो गई, जिससे उसका पिछला हिस्सा अचानक ढह गया। असरान अपनी नानी खुर्शीद बी के घर मोहर्रम देखने आया हुआ था। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। अस्पताल में डॉक्टरों ने असरान को मृत घोषित कर दिया, जबकि खुर्शीद बी की हालत गंभीर बनी हुई है। टीआई प्रतीक शर्मा के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पुलिस और रहवासियों ने मिलकर मलबे में दबे 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।



### एक छोटी बच्ची भी घायल

रिश्तेदार ने बताया कि नीचे खुर्शीद और ऊपर परवीन रहती हैं। दोनों हमारी बहनें लगती हैं। मकान लगभग 50 साल पुराना और कच्चा बना हुआ था। मकान की हालत भी ठीक नहीं थी। मलबे में दबने से भानजे की मौत हो गई। वहीं बहन खुर्शीद और एक छोटी बच्ची घायल है।

# महाकाल मंदिर के पास होटलों में फायर सेफ्टी जांच, टीम ने फायर एनओसी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाकाल मंदिर के पास बनी होटलों में रोजाना ठहरने वाले हजारो श्रद्धालु की सुरक्षा के लिए नगर निगम फायर सेफ्टी और प्रशासनिक अधिकारी की टीम ने होटलों की जांच की। टीम ने फायर सेफ्टी को जांच कर होटलों में मोजूद कमियों को पूरा करने के निर्देश दिए। शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बुधवार रात को नगर निगम के सहायक आयुक्त प्रवीण मुकाती, तहसीलदार मालती राय एवं फायर विभाग की उपस्थिति में महाकाल चौराहा स्थित विभिन्न होटलों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र, अग्निशमन ऑडिट रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।जिसमें होटल केसर लक्ष्मी, प्लेजर लैंडमार्क, होटल उत्सव, होटल परी अन्य प्रतिष्ठानों में फायर एनओसी, बिल्डिंग परमिशन और विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्रों का परीक्षण किया गया।फायर ऑफिसर ने बताया कि 15 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले सभी भवनों, एक तल पर 500 वर्ग मीटर से अधिक निर्मित क्षेत्रफल वाले भवनों, बड़े होटल, अस्पताल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, मल्टीप्लेक्स, सिनेमा हॉल, मैरिज गार्डन एवं अन्य मिश्रित अधिभोग वाले भवनों में अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। वहीं 50 से कम बिस्तरों वाले होटल एवं अस्पतालों को पंजीकृत फायर इंजीनियर का प्रमाण पत्र अनिवार्य है।



फायर सेफ्टी जांच के दौरान संबंधित होटलों में अग्निशामक यंत्रों की उपलब्धता जांच, फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर सिस्टम, फायर हाइड्रेंट एवं स्प्रिंकलर सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग, इमरजेंसी लाइटिंग, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, आपदा प्रबंधन योजना, तथा फायर एनओसी की जांच की भी की गई।

# सरकार के संरक्षण में हुआ उज्जैन जमीन खरीद घोटाला : कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मप्र सरकार के संरक्षण में उज्जैन में जमीन खरीद घोटाले को अंजाम दिया गया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के पवन खेड़ा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये बात कही। कांग्रेस नेताओं ने कहा- इस मुद्दे पर बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व चुप्पी साधे है। इससे साफ है कि ये उनकी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मिलीभगत है। इस पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज से करानी चाहिए। वहीं मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं, इसलिए कांग्रेस उन्हें बदनाम कर रही है। राज्यसभा चुनाव में मिली करारी हार की हताशा के कारण कांग्रेस इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने भाजपा पर मामले को भटकाने का आरोप लगाया। पटवारी ने कहा- जब जमीन पर सवाल पूछा गया तो भाजपा ने मुख्यमंत्री के ओबीसी होने का कार्ड खेल दिया। क्या ओबीसी होने का मतलब यह है कि किसी को भी गलत काम करने की छूट मिल जाती है मैं खुद ओबीसी समाज से आता हूं और मुख्यमंत्री से सीधे जवाब चाहता हूं। पटवारी ने कहा- उज्जैन में 'वीर भारत न्यास' नाम के एक ट्रस्ट को 500 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन महज 1 रुपए की टोकन राशि पर दे दी गई। इसके ट्रस्टी श्रीराम तिवारी हैं, जो मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार हैं। इस ट्रस्ट को इतनी महंगी जमीन किस आधार पर दी गई। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके परिवार ने जो जमीनों का लैंड बैंक बनाया, उसकी आय का स्रोत क्या था? क्या इन संपत्तियों का विवरण सार्वजनिक नहीं होना चाहिए यह घोटाला सिर्फ पहली सीरीज है। चार दिन पहले ही मुख्यमंत्री के सानिध्य में छह विभागों में ट्रांसफर इंडस्ट्री चलाकर 1000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का स्टिंग ऑपरेशन सबने देखा है।

# कुत्ते ने चार लोगों पर हमला, 6 साल के बच्चे के हाथ में एक सेंटीमीटर का घाव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** • इटावा और अर्जुन नगर क्षेत्रों में एक कुत्ते ने चार लोगों पर हमला कर दिया। इन हमलों में तीन बच्चे और एक महिला घायल हुए। महज आधे घंटे के भीतर हुई इस घटना में एक 6 वर्षीय बालक का हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके हाथ में करीब एक सेंटीमीटर गहरा घाव हो गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया। इटावा क्षेत्र में गार्डन के पास अपने घर के बाहर खेल रहे 6 वर्षीय नासिर शेख पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। परिजनों और आसपास के लोगों के पहुंचने से पहले ही कुत्ते ने उसके हाथ को बुरी तरह नोच लिया था। हमले में नासिर के हाथ में गहरा घाव हो गया और काफी रक्तस्राव हुआ। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। इसके बाद कुत्ता अर्जुन नगर पहुंचा, जहां उसने 3 वर्षीय क्रियांश पर हमला किया। कुछ ही देर बाद उसने 2 वर्षीय प्रणेता को भी निशाना बनाया। प्रणेता की चीख सुनकर उसे बचाने दौड़ी उसकी मौसी काजल पर भी कुत्ते ने हमला कर दिया और उन्हें काट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इन लगातार हमलों से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया।

# मिठाइयों में चांदी वर्क का उपयोग न करने की पहल उज्जैन से शुरू की जाए : कलेक्टर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर द्वारा मिठाई विक्रेताओं से मिठाइयों में उपयोग किए जा रहे चांदी वर्क का इस्तेमाल न्यूनतम करते हुए इसे पूर्णतः शून्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चांदी का वर्क नकली हो सकता है, जिसके कारण स्वास्थ्य को हानि पहुंच सकती है। संकल्प लें कि देश और प्रदेश में चांदी वर्क का उपयोग नहीं करने की पहल उज्जैन से हो। इस संबंध में मिठाई विक्रेताओं तथा कैटरिंग व्यवसायियों की बैठक करने एवं गुणवत्ता के संबंध में जागरूक करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमठ भी मौजूद रहे। सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते कलेक्टर ।

संकुल के कलेक्टर सभागार में आयोजित खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय बैठक में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत दत्त शर्मा ने विभागीय कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि में रेग्यूलेटरी नमूने के लक्ष्य 420 के विरुद्ध 513 नमूने संग्रहित किए, जो लक्ष्य का 122 प्रतिशत है। इसी प्रकार 1 अप्रैल 2026 से 20 जून 2026 की अवधि में लक्ष्य से अधिक कुल 90 रेग्यूलेटरी नमूने संग्रहित किए गए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा 1 अप्रैल 2025 से 20 जून 2026 तक की अवधि में खाद्य सुरक्षा के कुल 25 प्रकरणों को निराकरण कर 6 लाख 40 हजार रु. जुर्माना अधिरोपित किया गया। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खाद्य नमूना संग्रहण कार्रवाई निरंतर जारी रखें, ताकि बाजार में किसी प्रकार की नकली, अमानक खाद्य सामग्री का विक्रय न हो। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय कर स्कूलों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता व सही भोजन शैली के संबंध में निरंतर अभियान जागरूकता आयोजित किए जाएं।

# रसूखदारों के प्रयास हुए फेल : योजना 97 की 210 एकड़ जमीन फिर से मिली आईडीए को

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सालभर पहले सुप्रीम कोर्ट से इंदौर विकास प्राधिकरण को बड़ी सफलता मिली और योजना 97 पार्ट-2 और पार्ट-4 की लगभग 210 एकड़ जमीन उसके स्वामित्व की घोषित की गई। रिंग रोडकी इन दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं की ये जमीनें आज डेढ़ हजार करोड़ रुपए से अधिक कीमत की है, जिसको छुड़वाने के लिए रसूखदारों ने तमाम प्रयास भी किए।

अब पहले चरण में प्राधिकरण 97 पार्ट (2) की लगभग 40 एकड़ की जमीन को विकसित करने जा रहा है, क्योंकि शेष जमीन पहले से ही विकसित है। नगर तथा ग्राम निवेश ने पिछले दिनों इस जमीन का अभिन्यास मंजूर किया, उसके बाद अब लगभग 34 करोड़ रुपए के



विकास कार्यों के टेंडर प्राधिकरण ने जारी कर दिए हैं।

रिंग रोड की इस योजना में बिजलपुर और तेजपुर गड़बड़ी की जमीनें शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट से प्राधिकरण को लगभग 210 एकड़ जमीन हासिल हुई, जो कि पार्ट-2 और पार्ट-4 में शामिल रही है। शासन स्तर पर इन जमीनों पर दी गई एनओसी की जांच भी शुरू करवाई। हालांकि एक मामले में हाईकोर्ट स्टे के चलते यह जांच रूकी हुई है। इसी में 42 एकड़ सिटी फॉरेस्ट की भी जमीन है। एबी रोड पर माँ विहार से लगी हुई बेशकीमती योजना 97 पार्ट-2 की अविकसित जमीन पर विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे। सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े के निर्देश पर प्राधिकरण ने अभी इन विकास कार्यों के लिए लगभग 34 करोड़ रुपए की के टेंडर जारी जारी किए हैं। प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कपिल देव भल्ला के मुताबिक इस जमीन पर अभिन्यास भी मंजूर हो चुका है और विकास कार्यों के बाद प्राधिकरण टेंडर के जरिए हासिल भूखंडों को विक्रय करेगा।

प्राधिकरण की प्लानिंग शाखा के मुताबिक, पूर्व में यहां पर जो अवैध निर्माण या कॉलोनी विकसित की जा रही थी उनमें छोटे-छोटे भूखंड काटे गए थे। मगर एबी रोड पर स्थित यह जमीन चूंकि अत्यंत बेशकीमती है, लिहाजा आगे की तरफ एक-एक लाख स्क्वेयर फीट के आरसीएम की तर्ज पर भूखंड रहेंगे, ताकि उन पर बड़ी बहुमंजिला आवासीय-व्यवसायिक बिल्डिंगें, होटल, शॉपिंग मॉल, हॉस्पिटल सहित अन्य तरह के रियल इस्टेट के बड़े प्रोजेक्ट आ सकें। वहीं पीछे की तरफ अवश्य छोटे भूखंड रहेंगे। प्राधिकरण इन सभी भूखंडों को टेंडर के जरिए बेचकर 500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हासिल कर सकेगा। अब पूर्व में प्राधिकरण बोर्ड योजना 97 पार्ट-2 और पार्ट-4 में किए जाने वाले विकास कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति भी हासिल कर चुका है, जिसमें योजना 97 पार्ट-2 में लगभग 118 करोड़ और योजना 97 पार्ट-4 में 200 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाना है। यह भी उल्लेखनीय है कि रीजनल पार्क के सामने की जमीन भी इसी में शामिल है, जहां पर हर साल दीपावली के वक्त पटाखों का थोक मार्केट लगता है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट से प्राधिकरण को 210 एकड़ जमीन जो हासिल हुई वह उसके लिए किसी जैकपॉट से कम नहीं है।

# आरबीआई की कार्रवाई के इंदौर से जुड़ सकते हैं तार

## फेमा के उल्लंघन पर अपोलो हॉस्पिटल के खिलाफ आदेश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आरबीआई ने अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड और उसके पांच निदेशकों/अधिकारियों के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के उल्लंघन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने बताया कि कंपनी और उसके पांच संबंधित निदेशकों/अधिकारियों के खिलाफ कंपाउंडिंग आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही कंपनी के खिलाफ चल रही न्यायनिर्णयन प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इंदौर में भी अपोलो हॉस्पिटल्स की चेन है। ऐसे में जांच की आंच इंदौर तक भी पहुंच सकती है।

आरबीआई के अनुसार ईडी ने फेमा के प्रावधानों के तहत जांच शुरू की थी। जांच पूरी होने के बाद ईडी ने कंपनी के खिलाफ फेमा की धारा 16 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। बाद में कंपनी ने फेमा की धारा 15 के तहत मामले के निपटारे के लिए आरबीआई के समक्ष आवेदन दिया।

ईडी की ओर से आपत्ति न होने के बाद आरबीआई ने इन उल्लंघनों का कंपाउंडिंग के माध्यम से निपटारा कर दिया। आरबीआई की कार्रवाई में कंपनी के साथ प्रीथा रेड्डी, सुनीता रेड्डी, एस.के. वेंकटरमन, अखिलेश्वर कृष्णन और एस.एम. कृष्णन शामिल हैं। आरबीआई ने नियमों के उल्लंघनों के निपटारे के लिए एकमुश्त राशि तय की है। इसके तहत अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 17 करोड़ 76 लाख 80 हजार 121 रुपये जमा कराने होंगे। कंपनी के पांच संबंधित निदेशकों व अधिकारियों को मिलाकर 18 लाख जमा कराने होंगे।

# ट्रेन में चोरी करने के लिए उत्तराखंड से फ्लाइट पकड़कर इंदौर आता था बदमाश, गिरफ्तार

## महंगे शौक और लग्जरी जीवनशैली को बनाए रखने ट्रेनों में करता था चोरी, लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों पर रहती थी नजर, लाखों के जेवर बरामद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जीआरपी पुलिस ने ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है, जो चोरी करने फ्लाइट से आता था। वह ट्रेन में चोरी करता था। लंबे समय से वह इस तरह की वारदातों को अंजाम देता आ रहा था। ट्रेन के यात्रियों से वह केवल जेवर चुराता था। आरोपी कई राज्यों में सक्रिय था। आरोपी की पहचान उत्तराखंड निवासी जितेंद्र चावला उर्फ जीतू के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक... आरोपी ने 16 मार्च को अहमदाबाद से इंदौर आ रही इंदौर निवासी महिला मीना का पर्स चुरा लिया था। पर्स में 15 लाख रुपए के सोने के जेवर थे। महिला की शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी की तलाश में विशेष टीम गठित की गई।

### 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले

आरोपी तक पहुंचने के लिए पुलिस ने फरीदाबाद बरेली, मुरादाबाद, बवायू समेत कई शहरों के 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार निगरानी के आधार पर आखिरकार आरोपी को नीमव से पकड़ लिया गया। आरोपी के कब्जे से सोने का हार, कान के टॉप्स, दो सोने के कंगन और चार सोने की अंगूठियां जब्त की हैं। पूछताछ में उसने बताया कि महंगे शौक और लग्जरी जीवनशैली को बनाए रखने ट्रेनों में चोरी करता था। वह लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों पर नजर रखता और मौका मिलते ही सामान लेकर फरार हो जाता था।



**फेसबुक पर युवतियों से दोस्ती कर बनाता था नेटवर्क**- जांच में एक और चौकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी फेसबुक के जरिए युवतियों से दोस्ती करता था। उनसे मिलने के बहाने अलग-अलग शहरों में पहुंचता और वहां रहते हुए चोरी करता था। आरोपी के खिलाफ तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में 20 केस दर्ज हैं।

**बुजुर्ग के खाते से उड़ाए 6.47 लाख रुपए**-कनाहिया थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने बुजुर्ग का मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 6 लाख 47 हजार रुपए निकाल लिए। संचार नगर एक्सटेंशन निवासी महेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि ठगों ने किसी लिंक या फर्जी ऐप के जरिए उनके मोबाइल का एक्सेस हासिल कर लिया। इसके बाद यूपीआई के माध्यम से कई ट्रांजेक्शन कर राशि अपने खातों में ट्रांसफर कर ली।

## कलेक्टर के निर्देश पर फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● फायर सेफ्टी मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाकर फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच औद्योगिक संस्थानों को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित संस्थानों में आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरणों, आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा निर्धारित फायर सेफ्टी मानकों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा था। सुरक्षा मानकों में कमियां पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संस्थानों को सील कर दिया। कार्रवाई के तहत रौनक पेंट फैक्ट्री, पेपर ट्रेंड लिंक प्राइवेट लिमिटेड, सारा फोम तथा वाडीलाल केमिकल को सील किया गया। इन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी के कारण किसी भी आपात स्थिति में जनहानि एवं बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी।

# बसों के इंतजार में अब नहीं भीगना पड़ेगा बरसात में...

## 30 से ज्यादा और नए बस स्टॉप मिलेंगे



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के लोगों को आने वाले मानसून सीजन में बारिश में खड़े रहकर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अगले एक माह में एआईसीटीएसएल द्वारा शहर में अलग अलग जगहों पर 25 से 30 और नए आधुनिक सुविधाओं वाले बस स्टॉप का निर्माण कर यात्रियों के उपयोग के लिए शुरू करने की तैयारी है। वर्तमान में शहर के प्रमुख बाजार और खास स्थान पर निगम द्वारा नई एवं आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से लैस बस स्टॉप बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। जिसके तहत इन बस स्टॉप में बैठने की व्यवस्था के साथ बसों के आने जाने के टाइम टेबल सहित अन्य जानकारी और सुविधाएं भी देने की तैयारी चल रही है।

### कुल 200 बनाना है, अभी 60 से ज्यादा बनकर तैयार

गौरतलब है कि एआईसीटी एसएल द्वारा पिछले साल से शहर में 200 से ज्यादा आधुनिक बस स्टॉप का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 60 से ज्यादा नए बस स्टॉप बनकर वहीं अभी कई जगह निर्माण तैयार भी हो गए है। कार्य तेजी के साथ चल रहा है। जहां कई बस स्टाप जल्द बनकर तैयार होने वाले है।

### मोबाइल चार्जिंग सुविधा भी

इसके अलावा इस रूट से गुजरने वाली सभी बसों के आने-जाने के टाइम टेबल की जानकारी भी डिजिटल डिस्प्ले पर आसानी से मिलेगी। इसके साथ सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था भी मिल रही है। इसके अलावा रात में इन नए बस स्टॉप पर लाइटिंग की व्यवस्था रखी गई है। साथ ही मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी दी जा रही है। दसले गर्मी और धूप से बचने के लिए परी छत की व्यवस्था भी है।

### ये सुविधाएं मिल रही नए

बस स्टॉप पर यात्रियों को: खास बात है कि इन नए और डिजिटल बस स्टॉप में यात्रियों को आरामदायक कुर्सियों और बेंचों पर अच्छी बैठक व्यवस्था के नाइट विजन वाले डिजिटल सीसीटीवी कैमरों की मदद से कंट्रोल रूम से होती है निगरानी यही नहीं इन तमाम सुविधाओं के साथ बड़ी बात यह है कि दिन के साथ रात में भी महिला यात्री आराम से यहां सुकून के साथ बसों का इंतजार कर सकेगी। क्योंकि तमाम सुविधाओं के साथ अब इन आधुनिक बस स्टॉप पर नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। जिससे कंट्रोल रूम से इन नए आधुनिक बस स्टॉप की सशक्त निगरानी भी की जा रही है। जिससे रात दिन इन सभी नए बस स्टॉप पर महिलाओं को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी सुरक्षा दी जा रही है।

# यशवंत क्लब के चुनाव में सचिव पद पर मुकाबला हुआ त्रिकोणीय

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर यशवंत क्लब मैनेजिंग कमेटी के नौ पदों के लिए चुनाव 28 चुनाव को होंगे। इस संबंध में सभी प्रत्याशियों के नामांकन फार्म की जांच होने के बाद 23 जून को चुनाव अधिकारी ने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी। चुनाव में करीब पांच हजार मतदाता वोट डालेंगे। वोटिंग और रिजल्ट 28 जून को होगा।

**यह है आगे चुनाव का शेड्यूल**-फार्म वापसी- 23 जून की शाम 6 बजे तक थी। इसके बाद रात को प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई **वोटिंग**- 28 जून को सुबह साढ़े नौ से चार बजे तक **काउंटिंग और रिजल्ट**- 28 जून की शाम 5 बजे से

**चुनाव में जैन पैनल विरुद्ध पम्मी छाबड़ा पैनल** -चुनाव मुख्य रूप से जैन पैनल और पम्मी छाबड़ा पैनल के बीच में है। लेकिन सचिव पद के लिए दोनों पैनल के साथ ही एक निर्दलीय उम्मीदवार कुलविंदर सिंह गिल भी मैदान में उतर गए हैं इससे मामला रोचक हो गया है। दरअसल गिल सचिव पद चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन जैन और पम्मी दोनों ही पैनल से उनको जगह नहीं मिली । इस कारण वह निर्दलीय ही उतर गए हैं । इसी तरह कार्यकारिणी में भी 5 पद है।

### दोनों पैनल से पांच

पांच उम्मीदवार उतारे हैं। लेकिन साथ ही एक और प्रत्याशी निशांत तिवारी ने निर्दलीय तौर पर फॉर्म भर दिया है।

### ये हैं मैदान में

**चेयरमैन पद**- जितेंद्र जैन विरुद्ध पम्मी छाबड़ा, **सचिव पद**- विजय कस्तूरी विरुद्द अतुल सेठ और निर्दलीय कुलविंदर सिंह गिल, **सह सचिव**- तेजवीर जुनेजा विरुद्ध पंकज कुकरेजा, **कोषाध्यक्ष**- रुपल पारिख विरुद्ध सतीश मंगलानी

# करोड़ों का खर्चा, फिर भी खाली रहा मार्केट

## निगम ने किराए के लिए अभी तक नहीं किए टेंडर जारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नंदलालपुरा मेन रोड स्थित करोड़ों रुपये खर्च करके अहिल्या सब्जी फल मार्केट का निर्माण किया लेकिन निगम अफसरों की ना समझी के चलते कोई काम नहीं हो पाया था और आज तक परेशानी बनी हुई है। अभी तक इस मामले में कोई टेंडर आदि जारी नहीं हुए हैं, जबकि निगम को टेंडर जारी करना थे।

बताया जा रहा है कि नंदलालपुरा मेन रोड स्थित ज्योतिबा फूले मार्केट को दूसरी बार तैयार किया गया लेकिन इसमें भी निगम अफसरों की योजना पूरी तरह फैल रही है। यहां पर आज कई ऐसी दुकानें हैं जो न केवल वर्षो से खाली पड़ी है बल्कि उसका कोई उपयोग भी नहीं हो रहा है। इन 30 से 32 दुकानों को लगभग 30 साल के लिए लीज पर किराए देने का प्रस्ताव तैयार किया था और उसे महापौर परिषद से मंजूरी मिलने के बाद योजना बनाई कि जल्द ही की किराए पर देंगे।




इसके बावजूद अभी तक निगम मार्केट विभाग ने अभी तक कोई काम नहीं किया है और न ही टेंडर जारी हो पाए हैं। नंदलालपुर, फल सब्जी मार्केट की खाली दुकानों को फिर से टेंडर जारी करने की तैयारी कर ली है और जल्द ही इस पर काम होने जा रहा है और करोड़ों रुपये का अतिरिक्त राजस्व निगम को मिलेगा। फिलहाल देखा जाए तो शिवाजी मार्केट के दुकानदारों को जहां शिफ्ट किया जाना था परंतु यहां नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि एक बार फिर से इन दुकानों को किराए पर दी जा सकती है। फिलहाल जल्द ही इस मामले में दुकानों को लेकर कुछ निर्णय लिया जा सकता है। खाली पड़ी दुकानों को किराए पर जल्द दिया जाएगा। ऐसा अफसरों का कहना है, लेकिन अभी तक टेंडर जारी नहीं हो पा रहे हैं। मार्केट अधिकारी के मुताबिक ज्योतिबा फुले मार्केट में खाली पड़ी दुकानों को जल्द किराए पर देने की योजना तो बनाई है। लेकिन टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

# फर्जी किताबों को लेकर एनसीईआरटी ने जारी की चेतावनी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एनसीईआरटी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को फर्जी और अनधिकृत किताबों को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। एनसीईआरटी ने कहा है कि उसकी कुछ किताबों की पायरेटेड और अनधिकृत कॉपियां प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में प्रसारित की जा रही हैं। इनमें कक्षा 9 की सामाजिक विज्ञान की एक फर्जी पुस्तक भी शामिल है, जिसे सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा रहा है।

एनसीईआरटी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि कुछ लोग परिषद की पुस्तकों की अवैध प्रतियां प्रसारित कर रहे हैं। कुछ मामलों में तो किताबों को उनकी आधिकारिक रिलीज से पहले ही प्रसारित किया जा रहा है, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। काउंसिल के अनुसार, कक्षा 9 की सामाजिक विज्ञान की किताब understanding Society India & Beyond (पार्ट-1) की एक फर्जी और अनधिकृत कॉपी सोशल मीडिया चैनलों, वेबसाइटों और मैसेजिंग समूहों में प्रसारित की जा रही है। ये प्लेटफॉर्म खुद को एनसीईआरटी की पुस्तकों और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने वाला बता रहे हैं, जबकि उनका एनसीईआरटी से कोई संबंध नहीं है।

**प्रिंट संस्करण अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें**- एनसीईआरटी ने स्पष्ट किया कि ऐसे चैनलों को परिषद की ओर से कोई अधिकृत अनुमति नहीं दी गई है। इसलिए इन माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही सामग्री पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। काउंसिल ने सभी हितधारकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत स्रोतों से ही किताबें खरीदें या डाउनलोड करें। एनसीईआरटी की डिजिटल किताबें उसकी आधिकारिक वेबसाइट और ई-पाठशाला पोर्टल पर निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। वहीं प्रिंट संस्करण केवल अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से ही खरीदे जाने चाहिए।

# भागीरथपुरा में निगम आयुक्त ने रहवासियों की शिकायत पर ठेकेदार को लगाई जमकर फटकार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा क्षेत्र में जलप्रदाय पाइपलाइन डालने के बाद सड़क निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार पर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल का गुस्सा फूट पड़ा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई और साफ शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही और देरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सुबह-सुबह क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे आयुक्त ने सड़क निर्माण की प्रगति देखी तो नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कार्य में तेजी लाने तथा तय समय सीमा में काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

### रहवासियों से सीधे पूछी हकीकत

सड़क निर्माण का जायजा लेने के बाद आयुक्त ने भागीरथपुरा की पानी की टंकी, शासकीय विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सीधे बातचीत कर पेयजल आपूर्ति, ड्रेनेज और सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। रहवासियों ने नियमित जलप्रदाय होने और निगम के कार्यों पर संतोष जताया।

आयुक्त ने कहा कि अधूरे और धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों के कारण क्षेत्रीय रहवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है, जिसे तत्काल खत्म किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, जोनल अधिकारी आनंद रैदास, जलप्रदाय विभाग के अधिकारी और अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने केवल कागजी रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया, बल्कि मौके पर ही पेयजल की क्लोरीन टेस्टिंग कराई। जल की शुद्धता और गुणवत्ता की जांच के बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरभर में नियमित रूप से जल परीक्षण किया जाए और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# 1912 शिकायत केन्द्र पर नहीं होता है फोन रिसीव

## रोज सुबह सुबह हो रही बिजली की अघोषित कटौती

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अन्नपूर्णा विद्युत जोन के अंतर्गत आने वाले इलाकों में रोजाना सुबह अघोषित कटौती हो रही है। बिजली कंपनी अधिकारी इससे इनकार करते हैं लेकिन कई ऐसे इलाके हैं जहां पर रोजाना सुबह 2 से 3 घंटे अघोषित कटौती होती ही है तो कभी एक दिन छोड़कर होती है। बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है।

यह परेशानी शहर के कई इलाकों में है। मगर बिजली विभाग सुनवाई करने को तैयार नहीं है। शहर में भले इन दिनों बारिश हो रही है। सूरज दिख नहीं रहा है लेकिन बिजली कटौती बराबर हो रही है जिस तरह से बिजली कटौती हो रही है और नाम मेंटेनेंस का लिया जा रहा है। शहर के अलग-अलग इलाकों में रोजाना खास कर सुबह बिजली कटौती एक से डेढ़ घंटे होती है तो बगैर सूचना के भी बिजली गुल हो रही है। कई इलाकों में लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की तो 1912 के साथ-साथ बिजली कंपनी के अधिकारियों को भी फोन लगाने का काम लगातार किया जा रहा है। रोजाना किसी न किसी कारणवश और अगर कोई कारण नहीं मिलता है तो बिजली मेंटेनेंस के नाम पर बंद कर दी जाती है और कई घंटे बिजली गुल होने से लगातार परेशानियां उपभोक्ताओं की बढ़ रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।